# बुटाटी में 22 करोड़ की दान गड़बड़ी का आरोप

**146** दिन के बाद जांच की रिपोर्ट सौंपी डीएम ने

**2.60** करोड़ मूल्य के आभूषण हुए गायब



**बुटाटी, 12 जुलाई. राजस्थान के नागौर जिले के बुटाटी स्थित करीब 500 साल पुराने संत श्री चतुरदासजी महाराज मंदिर से जुड़े वित्तीय मामलों की जांच में बड़ी अनियमितताओं का दावा किया गया है. जिला कलेक्टर के आदेश पर गठित जांच समिति ने मंदिर समिति के बैंक लेनदेन, अकाउंट्स, वाउचर और अन्य दस्तावेजों की जांच के बाद रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी है।**

रिपोर्ट में चढ़ावे, सोना-चांदी के लेखांकन, निर्माण कार्यों, किराया आय और खर्चों से जुड़े मामलों में गड़बड़ी का उल्लेख किया गया है. डीएम ने 146 दिन के बाद जांच की रिपोर्ट सौंप दी है. जांच समिति के अनुसार, मंदिर समिति के रिकॉर्ड में करीब 22.74 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय अनियमितताओं का अनुमान लगाया गया है। इसमें 2023-24 और 2024-25 के दौरान करीब 15.16 करोड़ रुपये की अनियमितता और 2025-26 के रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराने के आधार पर 7.58 करोड़ रुपये का अनुमान शामिल है। रिपोर्ट में 2.60 करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों के रिकॉर्ड, सीसीटीवी खर्च, ग्राम विकास कार्यों, भोजनशाला निर्माण और अन्य मदों में भी सवाल उठाए गए हैं.


## बदरीनाथ धाम में चढ़ावे की चोरी का खुलासा, जांच रिपोर्ट सौंपी



**देहरादून.** बदरीनाथ मंदिर में चढ़ावे की गिनती के दौरान कथित हेराफेरी के मामले में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की जांच पूरी हो गई है. चार सदस्यीय जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सौंप दी है। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल द्वारा चढ़ावे की रकम में एक से अधिक बार गड़बड़ी किए जाने की बात सामने आई है। जांच टीम ने 18 पन्नों की रिपोर्ट में घटना से जुड़े तथ्यों, जांच प्रक्रिया और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कई सुझाव दिए हैं. सीईओ सोहन सिंह रांगड़ ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि 2 जुलाई को आरोपी कर्मचारी कई बार नोट ले जाते हुए दिखाई दिया। इसके अलावा 29 जून की गणना के कुछ फुटेज भी जांच में शामिल किए गए हैं। टीम को घटना से करीब 14 दिन पहले तक की ही सीसीटीवी फुटेज मिल सकी, क्योंकि पुराने कैमरों की स्टोरेज क्षमता सीमित थी. साथ ही पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए सीसीटीवी रूम में कर्मचारियों की तैनाती की सिफारिश भी की गई है.

# 405 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ

## गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में शुरू किया वृक्षारोपण कार्यक्रम



**नई दिल्ली, 12 जुलाई. केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में 'मिशन फाइव मिलियन ट्रीज' के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस दौरान, उन्होंने करीब 405 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया.**

अहमदाबाद महानगर निगम की ओर से 'मिशन फाइव मिलियन ट्री' के तहत विज्ञान भवन, साइंस सिटी, सोला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. मंच पर उनका भव्य स्वागत किया गया. अमित शाह ने 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया-

> इनमें से 62 पार्क गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जहां लगभग 16 लाख पौधों का रोपण किया गया है. इन पार्कों से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ेगा, वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, प्रदूषण और शहरी गर्मी कम होगी तथा नागरिकों को योग, वॉक और मनोरंजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होंगे. इन ऑक्सीजन पार्कों में 45 पार्कों में बच्चों के लिए प्ले एरिया और 19 पार्कों में खेलकूद की सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं.


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया. इसके अलावा अहमदाबाद नगर निगम, औडा और सड़क व भवन विभाग की लगभग 405 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का ई-लोकार्पण और शिलान्यास किया. इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, अहमदाबाद के मेयर हितेश बारोट, राज्य सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक, नगर निगम के पदाधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। 9 लाख 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए- अहमदाबाद नगर निगम की ओर से विकसित 101 ऑक्सीजन पार्कों में लगभग 9 लाख 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं.

## जम्मू के जौरियां में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**जम्मू.** जम्मू के बाहरी इलाके जौरियन में एक तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी, जिनमें एक बालिका भी शामिल है. पुलिस ने रविवार को बताया कि जौरियन पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि राजस्थान के गढ़बढ़ी डोसा के रहने वाले भगवान शाही (7) और अभिषेक (10) नाम के दो बालक तथा राजस्थान के कोथपुर की रहने वाली एक बालिका की चांद (12)चक भगवान के एक तालाब में डूब गए। मौजूदा समय ये सभी चक भगवान में रह रहे थे ।पुलिस ने कहा, शव बरामद कर लिए गए हैं। मौत की असल वजह का पता लगाने के लिए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन लोटस

## उमर ने बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप



**श्रीनगर, 12 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर उनकी सरकार को गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया.**

श्रीनगर के हजरतबल क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों से संपर्क कर उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए कथित तौर पर 20 से 30 करोड़ रुपये, मंत्री पद और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने जैसे प्रस्ताव दिए गए. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी के एक विधायक ने उन्हें इस कथित प्रस्ताव की जानकारी दी है. उन्होंने यह भी दावा किया कि आर्थिक और राजनीतिक प्रस्ताव सफल नहीं होने के बाद अब पार्टी के विधायकों से दूसरे माध्यमों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक पार्टी और जनता के भरोसे के साथ खड़े हैं.

# फिर मंडराया दुनियाभर में ऊर्जा आपूर्ति संकट

**कीमतों में उछाल आने का खतरा**

**रोम 12 जुलाई (स्पूतनिक/वार्ता) अमेरिका और ईरान के बीच फिर से तनाव ब?ने के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने और ईंधनों की कीमतों में उछाल आने का खतरा मंडराने गया है. बड़ी तेल कंपनियों ने दोनों के बीच फिर से शुरू हुई दुश्मनी से दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति कम होने और इनकी कीमतों में वृद्धि होने को लेकर चेतावनी जारी की है.**

इटली की बड़ी ऊर्जा कंपनी ईएनआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्लाउडियो डेस्काल्जी ने इल सोले 24 ओरे को दिये साक्षात्कार में कहा कि दुनिया भर में तेल का भंडार कम होने और ऊर्जा स्रोतों के लिए बढ़ती होड़ के बीच हालात कुछ समय के लिए और खराब हो सकते हैं. श्री डेस्काल्जी ने कहा, हम सभी को लगा था कि अमेरिका और ईरान ने संघर्ष का समाधान खोज लिया है। उन्होंने कहा. वास्तव में, युद्ध का दोबारा शुरू होना एक ऐसी घटना थी, जिसकी आशंका पहले से ही जताई जा रही थी. गौरतलब है कि खाड़ी संघर्ष शुरू होने के बाद से वैश्विक तेल भंडार औसतन 38 लाख बैरल प्रतिदिन की दर से घट रहा है।

> मई में यह गिरावट बढ़कर 46 लाख बैरल प्रतिदिन हो गई. एशियाई खरीदारों के दोबारा बाजार में लौटने के साथ ही ऊर्जा संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा और तेज होने की संभावना है. इटली को छोड़कर यूरोप में गैस भंडारण क्षमता फिलहाल करीब 47 प्रतिशत ही भरी है, जो निर्धारित 80 प्रतिशत लक्ष्य से काफी कम है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए यूरोपीय देशों को अतिरिक्त 35 अरब घन मीटर गैस की आवश्यकता होगी. श्री डेस्काल्जी ने कहा कि सर्दियों से पहले गैस भंडारण केंद्रों को भरने के लिए यूरोपीय देशों को लगभग 35 अरब घन मीटर गैस की व्यवस्था करनी होगी. ये आशंका ऐसे समय में जतायी गयी है.

# बेटे ने मां को सब्जी में दिया जहर, आरोपी गिरफ्तार

**▸ पत्नी को लाने की शर्त बनी वारदात की वजह**


**आगरा, 12 जुलाई. उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के पिढ़ौरा थाना क्षेत्र के बरपुरा गांव में एक महिला को कथित रूप से खाने में जहर देने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के बेटे रविंद्र को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसकी सास फूलवती की तलाश की जा रही है.**

प्रारंभिक आरोपों के मुताबिक, परिवार में जमीन को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद चल रहा था। इसी दौरान आरोपी की पत्नी मायके चली गई थी.

आरोप है कि पत्नी को वापस भेजने के लिए उसकी मां ने रविंद्र के सामने शर्त रखी कि वह अपनी मां को रास्ते से हटा दे। इसके बाद रविंद्र ने कथित तौर पर छोले की सब्जी में जहर मिलाकर अपनी मां को खिला दिया. महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार जारी है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.

# राम मंदिर श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं :नृपेन्द्र मिश्र

**▸ आस्था के साथ भक्त कर रहे दर्शन**



**अयोध्या 12 जुलाई. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने कहा कि रामभक्त आस्था के साथ दर्शन पूजन कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं है।**


श्री मिश्र ने रविवार को दो दिवसीय राममंदिर निर्माण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए एक सवाल के उत्तर में कहा कि राममंदिर करोड़ों रामभक्तों की आस्था के केंद्र है। रामभक्त आस्था के साथ प्रभु श्रीराम की पूजा कर रहे हैं. राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के तीसरे दिन उन्होंने दो दिवसीय बैठक की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि बैठक दो चरणों में संपन्न हुई और राम कथा संग्रहालय निर्माण की कई महत्वपूर्ण बातें अंतिम रूप से तय कर दी गई हैं.

> राम कथा संग्रहालय की सभी गैलरियों की स्क्रिप्ट फाइनल कर दी गई है तथा श्रद्धालुओं/विजिटर्स को मिलने वाली सुविधाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। संग्रहालय में भगवान श्रीराम के वन गमन से जुड़ी देश की प्रमुख नदियों को प्रदर्शित किया जाएगा. इसकी शुरुआत सरयू नदी से होगी और समापन गुप्तार घाट पर केंद्रित होगा. उन्होंने कहा कि राम कथा संग्रहालय के निर्माण पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान बताया गया।

## 16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**बारां.** राजस्थान में आषाढ़ सुद द्वितीया के अवसर पर बारां नगर में इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा. जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित 24वीं यह यात्रा गुरुवार 16 जुलाई को अपराह्न चार बजे प्यारेराम मंदिर से रवाना होगी। समिति के अध्यक्ष नृसिंहलाल नागर और उपाध्यक्ष सत्यनारायण गर्ग ने रविवार को बताया कि यात्रा का शुभारंभ परमहंस बगीची के महामण्डलेश्वर रामनरेशदास महाराज, लटूरी गौशाला आश्रम के रामदास महाराज, शाहबाद के फरसा वाले बाबा एवं मेलखेड़ी बाईपास के आचार्य परमानन्द के पावन सानिध्य में किया जाएगा।

# दो बार फायरिंग करने के मामले में तीन गिरफ्तार



**नई दिल्ली, 12 जुलाई. दिल्ली पुलिस ने न्यू उस्मानपुर इलाके में अलग-अलग घटनाओं में एक ही व्यक्ति पर दो बार गोलियां चलाने के आरोप में रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं. गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पवन, शेखर उर्फ अपराधी और कृष्णा उर्फ किस्सू के रूप में हुई है.**

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण, तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी की मदद से पुलिस ने हत्या के प्रयास के इन दोनों मामलों को सुलझा लिया है. बरामद हथियार की जांच की जा रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

पुलिस के अनुसार, पहली घटना तब हुई जब रवि प्रकाश के घर के बाहर उन पर गोलियां चलायी गयीं, हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ था।

# दुर्लभ प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



**पटना,12 जुलाई. जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना स्थित बापू टावर में सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं की ओर से आयोजित महात्मा गांधी से संबंधित मूल एवं दुर्लभ संग्रहों की एक दिवसीय प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री कुमार का स्वागत छात्र-छात्राओं ने पौधा भेंट कर किया।**

श्री कुमार ने भी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद तथा उनका उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार के ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी आयोजन के लिए उनकी सराहना की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, विचारों एवं स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी प्रदर्शित मूल एवं ऐतिहासिक सामग्रियों का अवलोकन किया. प्रदर्शनी में गांधीजी के दुर्लभ छायाचित्र, वर्ष 1948 से संबंधित ऑडियो एवं वीडियो संग्रह, गांधी श्रृंखला के नोट एवं डाक टिकट, पोस्टकार्ड, हस्ताक्षरयुक्त पत्र, अगस्त 1947 के ऐतिहासिक समाचार-पत्र, स्मारक सिक्के तथा अन्य अनेक महत्वपूर्ण संग्रहणीय वस्तुएँ प्रदर्शित की गई थीं. इन दुर्लभ सामग्रियों के माध्यम से महात्मा गांधी के व्यक्तित्व, उनके विचारों तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

## हस्तियों के ट्वीट



भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि आज जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला जी ने बेहद गैर-जिम्मेदाराना और निंदनीय बयान दिया है. उन्होंने बिना किसी तथ्य या प्रमाण के भारतीय जनता पार्टी पर निराधार आरोप लगाए हैं.



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि ग्रीस में आयोजित 28वें सिमी संगोष्ठी में अंतरनिर्भरता, न्याय और वैश्विक दक्षिण: दुनिया को आकार देने वाले नियम किसके हैं? विषय पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा में भाग लेकर मुझे बेहद खुशी हुई.

# दोषियों को मिले कड़ी सजा : केजरीवाल

**▸ महंत कमल नयन दास ने किया बचाव- केजरीवाल**



**अयोध्या, 12 जुलाई। अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावा मामले को लेकर रविवार को बयानबाजी और जांच प्रक्रिया दोनों जारी रहीं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मामले में दोषी पाए जाने वाले लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।**

दूसरी ओर, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का बचाव करते हुए कहा कि उनका राम जन्मभूमि आंदोलन और मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है तथा उन्होंने कोई चोरी नहीं की है। इस बीच, ट्रस्ट के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव को लेकर भी चर्चा जारी है और अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन की टीम के 22 जुलाई के बाद जिम्मेदारी संभालने की संभावना जताई जा रही है।

> पुलिस ने मामले में गिरफ्तार आरोपियों रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और सुभाष श्रीवास्तव को सोमवार को अदालत में पेश कर सात दिन की पुलिस रिमांड मांगने की तैयारी की है। उधर, गोरखपुर में चढ़ावा मामले को लेकर पोस्टर लगाने के आरोप में समाजवादी पार्टी के एक नेता समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. मामले की जांच और कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी है.

## आज का इतिहास

1830 - राजा राम मोहन राय और अलैकजेंडर डफ ने पांच छात्रों के साथ स्कॉटिश चर्च कॉलेज शुरू किया था.

1892 - पद्म भूषण से सम्मानित भारत की प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका केसरबाई केरकर का जन्म.

1929- क्रांतिकारी जतिंद्रनाथ ने अपनी ऐतिहासिक भूख हड़ताल शुरू की .

1932 - हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री बीना राय का जन्म.

1944 - राजनीतिक दल मिजो नेशनल फ्रंट के राजनीतिज्ञ जोरामथंगा का जन्म.

1974 - भारतीय क्रिकेट टीम ने अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय एक दिवसीय मैच इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले, लीड्स में खेला.

# केंद्र सरकार ने दिल्ली की 28 परियोजनाओं को दी मंजूरी




**नई दिल्ली, 12 जुलाई. केंद्र सरकार ने राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत दिल्ली सरकार की सभी 28 बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है और इन कामों के लिए कुल 1,647 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को बताया कि इन परियोजनाओं में यातायात और शहरी विकास से जुड़े कई बड़े काम शामिल हैं। इनमें मेट्रो परियोजना, बारापुला एलिवेटेड कॉरिडोर, करावल नगर फ्लाईओवर, डीटीसी बस डिपो में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाना और कई सड़कों को सुधारने का काम शामिल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके साथ ही केंद्र सरकार ने दिल्ली को 756 करोड़ रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी है।

**मौसम** ▸ जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में नुकसान, जबकि उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में बारिश की रफ्तार धीमी

# पहलगाम में बादल फटा, पहाड़ों पर आफत, मैदानों में थमा मानसून



**पहलगाम, 12 जुलाई. देश के विभिन्न हिस्सों में मानसून का असर अलग-अलग रूप में दिखाई दे रहा है. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में शनिवार रात बादल फटने के बाद अचानक बाढ़ की स्थिति बन गई, जिससे सड़क बह गई और कई खेतों को नुकसान पहुंचा। वहीं उत्तराखंड के विकासनगर में भारी बारिश के कारण लखवाड़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के पास भूस्खलन हुआ, जिसमें कई वाहन और मशीनें मलबे में दब गईं।**

दूसरी ओर, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों और मध्य भारत में मानसून की गतिविधियां कमजोर पड़ गई हैं। मौसम से जुड़े आकलनों के अनुसार, पाकिस्तान की ओर से आ रही गर्म और सूखी पश्चिमी हवाओं के कारण वातावरण में नमी कम हो रही है, जिससे बादल बनने की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। इसका असर राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में देखने को मिल रहा है, जहां अगले कुछ दिनों तक बारिश की संभावना कम बताई गई है।

> **भारी बारिश से सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड से हाईवे बंद**
>
> **केदारनाथ.** लगातार हो रही भारी बारिश ने उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में आम जनजीवन को प्रभावित किया है साथ ही चल रही चार धाम यात्रा पर भी असर पड़ा है. सोनप्रयाग के पास मुनकटिया में भूस्खलन के कारण केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है. रास्ता बंद होने के बाद, मलबे को हटाने और प्रभावित हिस्से पर गाड़ियों की आवाजाही फिर से शुरू करने के लिए जेसीबी जैसी अर्थ-मूविंग मशीनें तैनात की गई हैं. जिला प्रशासन, जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के ज़रिए स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और अधिकारियों को संवेदनशील जगहों पर चौबीसों घंटे चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं.

**▸ आज (सोमवार) के लिए मौसम का संक्षिप्त पूर्वानुमान**

**उत्तराखंड,** हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर- कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। भूस्खलन, अचानक बाढ़ और सड़क बाधित होने का खतरा बना रह सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों में यात्रा करते समय स्थानीय प्रशासन की सलाह का पालन करें। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान- गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश, कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

# खलीफा अल थानी ने ली अंतिम सांस



**कतर, 12 जुलाई. कतर के फादर अमीर कहे जाने वाले शेख हमद बिन खलीफा अल थानी की 71 साल की उम्र में निधन हो गया. कतर के फादर अमीर कहे जाने वाले शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन की घोषणा कतर की सर्वोच्च सरकारी संस्था (अमीरी दीवान) ने रविवार को की. अमीरी दीवान ने कहा, कि ईश्वर के फैसले और नियति पर अटूट विश्वास के साथ, अमीरी दीवान राष्ट्र की इस महान क्षति पर शोक व्यक्त करता है.**

परमात्मा दिवंगत अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी पर अपनी कृपा बनाए रखें, जिनका आज सुबह निधन हो गया. शेख हमद ने 1995 से 2013 तक कतर पर शासन किया. उन्हें देश के आधुनिक विकास का निर्माता माना जाता है. उनके शासनकाल में कतर ने आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की पहचान और प्रभाव काफी बढ़ा. उनके नेतृत्व में खाड़ी का यह देश दुनिया के सबसे समृद्ध और प्रभावशाली देशों में से एक बन गया. अपने 18 वर्षों के शासनकाल (1995:2013) के दौरान उन्होंने कतर के विशाल प्राकृतिक गैस उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की.



**पीएम मोदी ने निधन पर जताया शोक**

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हम कतर के फादर अमीर, महामहिम शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं. वह एक दूरदर्शी नेता थे, जिनके नेतृत्व में कतर ने विकास और समृद्धि के नए आयाम हासिल किए.